During adolescence boys and girls have a rapid sexual consciousness and greatly enhance the desire for mutual meetings.

iv) Life philosophy they also desire to develop the capacity to make out good and bad, they have their own way of thinking and construction of their life philosophy begins to make shape. Certainly the age of adolescence is called, the age of storm and tension and the most difficult stage of life, and face physical and mental changes. The form their emotion, social and moral life change altogether. Boys and Girls face the problems related to school, family, health, entertainment, future and sex etc.

### ADJUSTMENT :-

Certainly, there are some important thins require to maintain the behavior. Basically (i) physical needs (ii) Mental or Social needs.

Gates and others have said "the terms adjustment" has two meanings. In one sense, it is continuous process by which a person varies his behavior to produce more harmonious relationship between himself and environment. In the other sense adjustment in a stage the condition of harmony attained person whom we called adjustment.

Surely adjustment means to face various circumstances and have to learn social and environmental cases.

### CONCLUSIONS:

It is very important is that the age from 6 to 12 years of the age as latency stage, begins to go to school during this stage and comes in to contact with a lot of boys and girls. The mental social and moral development of the adolescent and aware of their duties.

Certainly, education plays important roles in social behavior and adjustment. There are need to change in behavior and adjustment of the adolescent, are effected by education. If the family School, society and environment are good and according to the interests of the adolescents, They develop themselves. So the social agencies provide adolescents with natural, effective and democratic environment, only then their proper and correct socialization and behavior can take place and proper adjustment in the changing environment. ■

***Assistant Professor,***
***H.O.D. (Department of D.El.Ed.)***
***K. N. Bakshi College of Education***



# बदलते परिदृश्य में शिक्षक

- नीलेश लाकरा

भारतीय अर्थव्यवस्था हमेशा से कृषि आधारित रही है। लेकिन आने वाली पीढ़ीयों के लिए आर्थिक जानकारी जुटाने का एकमात्र साधन शिक्षक ही रहा है। पहले अध्यापन के क्षेत्र में ऐसे शिक्षक आते थे जिनमें बच्चों को अध्यापन कराने का जुनून होता था। लेकिन समय के रफ्तार के साथ वर्तमान समय में लोगों के अन्दर से यह जुनून समाप्त होता नजर आता है। जिसका सीधा प्रभाव शिक्षा पर पड़ रहा है जिसके कारण वर्तमान समय में शिक्षा का स्तर नीचे गिरता जा रहा है। आज के वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में अध्यात्मिक दिवालियापन एवं शिक्षा का व्यापारीकरण ज्यादा देखने को मिल रही है। अध्यापक एक ऐसा सामाजिक प्राणी है जो विभिन्न प्रकार के बेड़ियों में जकड़ा हुआ है फिर भी समाज में रहने वाले लोग उनसे स्वतंत्र सोच वाले नागरिक बनाने की उम्मीद रखते है एक शिक्षक जब अपने शुरुआती दिनों की ऊर्जा को याद करते हैं तो उसकी आँखे चमक उठती है लेकिन खुद को सैकड़ो बच्चों के बीच अकेला और असहाय पाकर शिक्षक का दिल बैठ जाता है। किसी भी शिक्षक के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य होता है एक अच्छे नागरिक को तैयार करना है इस कार्य को पूरा करने के लिए सबसे पहले अध्यापकों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने के लिए विश्वास और सम्मान का वातावरण बनाना बहुत ही आवश्यक है। एक शिक्षक को हमेशा अपने विषय के अलावा दूसरे विषयों की भी जानकारी होनी चाहिए। एक शिक्षक को हमेशा अपनी आत्मा की आवाज पर कार्य करना चाहिए एवं शिक्षक को बच्चों के साथ किस तरह का व्यवहार करना है। इसकी जानकारी भी होनी चाहिए क्योंकि आज भी हमारे समाज में एक बड़े तबके को लगता है कि भले बच्चे उनके हैं लेकिन उनको पढ़ाने की जिम्मेदारी तो शिक्षकों की है। एक शिक्षक ही समाज में शिक्षा का दीप प्रज्जवलित कर व्यक्ति को पशु समान जीवन से मुक्त करता है। शिक्षक शिक्षा के माध्यम से समाज में रहने वाले लोगों को भय. अंधकार अज्ञान अंधविश्वास. घृणा तथा हीन भावना से मुक्त करता है।

आज के वर्तमान समय में भारतीय शिक्षा के बदलते स्वरूप एवं भारतीय शिक्षा प्रणाली को देखते हुए इस पर गंभीर विचार विमर्श करने की जरूरत है कि शिक्षा क्या है और वह कौन सा परिवेश है जिसमें शिक्षा बदल रही है ? शिक्षा के इस बदलते परिवेश में शिक्षकों की नई भूमिका क्या होनी चाहिए?



शिक्षक कभी भी बदलाव के विरोधी नहीं रहे हैं शिक्षक हमेशा से नए विचारों और नवाचारों का समर्थन करते रहे है शिक्षक हमेशा से सफलता की तमाम कहानियां लिखना चाहता है बदलाव और समय के घूमते पहियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहता है। ■

***Assistant Professor,***

***K. N. Bakshi College of Education***



# मूल्य तथा अध्यापक प्रशिक्षण


- गौतम कुमार गुप्ता

व्युत्पत्ति के आधार पर मूल्य, मूल्य से सम्बद्ध अथवा क्रय-विक्रय की प्रक्रिया से सम्बद्ध है। भाव की दृष्टि से यह इष्ट (इच्छित, चाहा जाने वाला अथवा चाहा गया) भाब्द के अधिक समीपी जाना जा सकता है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से मूल्य मानवीय आवश्कता की संतुष्टि का पूरक है। सामाजिक संदर्भों में इसका संबंध समाज के प्रति सामाजिक भूमिका के परिप्रेक्ष्य से जोड़ा जा सकता है कि अन्ततः किस व्यक्ति को समाज में किस प्रकार जीना होगा ? अपने बहुत ही व्यावहारिक अर्थ में 'मूल्य' का संबंध 'कार्य अर्थात् क्या करने योग्य नहीं है अथवा क्या नही किया जाना चाहिए में निर्णय लेने कि प्रक्रिया से जुड़ा जाता है जिसे एक अच्छे अथवा वांछित व्यवहार के परिप्रेक्ष्य में देखा जाता है। यहां यह ध्यान रखना होगा कि 'अच्छा' क्या है का उत्तर विभिन्न संदर्भों में भिन्न-भिन्न प्रकार से दिया जा सकता है। साथ ही, एकः समाज की कसौटी अन्य समाज में भिन्न हो सकती है। वस्तुतः 'अच्छे व्यवहार को किसी अधिकार प्राप्त व्यक्ति अथवा समूह (अथवा विधि) के मापदण्ड से निश्चित किया जाता है। यह मापदण्ड किसी छोटे समूह तक भी सीमित हो सकता है या फिर इसकी व्यापकता किसी राज्य या राष्ट्र अथवा राष्ट्रों के असंख्य लोगो को अपनी सीमा में समाहित कर सकती है। इस दृष्टि से इसका संबंध बाहु भाक्तियों से जोड़कर भी देखा जा सकता है।

विभिन्न विद्वानों ने मूल्यों को परिभाषित करने का प्रयास किया है।

'मूल्य मानक रूपी मापदंड हैं जिनके आधार पर मनुष्य अपने सामने उपस्थित क्रिया विकल्पों में से चयन करने में प्रभावित हो है। - पिलंक (FLINK) मूल्य समाज द्वारा स्वीकृत उन इच्छाओं और लक्ष्यों के रूप में परिभाषित किए जा सकते हैं जिन्हें अनुबन्धन, अधिगम या समाजीकर की प्रक्रिया द्वारा आभ्यान्तरीकृत किया जाता है और जो आत्मनिष्ठ अधिमान, मान तथा आकांक्षाओं का रूप धारण कर लेता है।" राधाकमल मुकर्जी (Dr. Radha Kamal Mukharjee)

मानवीय मूल्यों की प्रणाली से मेरा भाव उस कसौटी से है जिसके आधार पर व्यक्ति एक मार्ग के स्थान पर दूसरा मार्ग ग्रहण करता है अच्छे या बुरे ठीक या गलत का फैसला करता है। डोरथी ली (DORTHY LEE)




मानवीय मूल्य तथ अध्यापक प्रशिक्षण (Human Value and Teacher's Training).

**(क) मनोवैज्ञानिक सिद्धांत (Psycholigical Principles)**- टैगोर ने ठीक ही कहा कि वह दीप ही

दूसरे दीयों को जगा सकता है जो पहले स्वयं जल रहा हो। यही कारण है कि अध्यापक के विषय में यह भी कहा जाता है कि एक अध्यापक का कोई निजी जीवन नहीं होता। विद्यार्थी तो हर समय हर अवसर पर हर स्थान पर देखते फिरते रहते है ओर उसक अनुकरण करने का यत्न करते रहते है। मानव मूल्य पढ़ाने हेतु तथा इसको बच्चों का जीवन ढंग बनाने कि लिए यह अति आवश्यक होता है कि पहले यह मूल्य अध्यापक के अपने जीवन का एक ढंग बन चुका हो उसको इनका केवल बोध ही ना हो बल्कि वह अपने जीवन में इनको उतार चुका है कि अध्यापक को स्वयं चरित्र तथा नैतिकता का आदर्श प्रस्तुत करे ताकि वह विद्यार्थियों को प्रेरित करने तथा उन पर गहन प्रभाव डालने के समर्थ हो सकें।

अध्ययन के लिए विभिन्न भांति के मनोवैज्ञानिक सिद्धांत बनाये हुए है तथा अध्यापकों के प्रशिक्षण के समय उनको अनिवार्य तौर पर इनकी जानकारी प्रदान की जाती है। इसी प्रकार ही भौक्षिक दर्शन अध्यापकों के प्रशिक्षण का एक भाग होता है। जिस द्वारा अध्यापको को भिन्न-भिन्न भौक्षिक सिद्धांतों से परिचित करवाया जाता है। इनका ज्ञान प्रदान करने का अर्थ होता है कि अध्यापक पढ़ाते समय उनका उचित प्रयोग कर सके। कुछ विद्वानों ने नैतिक मूल्यों के विकास के लिए मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों की सूची बनाई है और इसको तीन भागों में बांटा है जैसे बौद्धिक भावनात्मक तथा क्रियात्मक क्षेत्र।

### 1. बौद्धिक क्षेत्र (Intellectual Aspect )

(i) नैतिक सिद्धांत का बोध तथा ज्ञान, इसके अर्थ तथा जीवन में महत्व

(ii) नैतिक सिद्धांतों में विश्वास, इसकी समझ तथा अभ्यास ।

(iii) सिद्वांतों की गहनता से समस्याओं पर विचार करना।

(iv) नैतिक प्रकार का ठीक निर्णय हर स्थिति में कर सकता।

(v) विद्यार्थी में भावना भरनी कि वह आचरणशील संतो, महात्माओं तथा पीर पैगम्बरों के जीवन से दिशा प्राप्त करें।

### 2. भावनात्मक क्षेत्र (Emotional Aspect)

(Vi) जीवन प्रति सब लोगों प्रति समाज प्रति, व्यवसाय प्रति तथा जीवन ढंग प्रति उत्साह भरे विचार बनाने।

(Vii) हानिप्रद भावों क्रोध, भय, ईर्ष्या, घृणा, दुख आदि को नियन्त्रण में रखना।

(Viii) परमेश्वर के चमत्कारों तथा सौदर्य के प्रति चेतना की प्रशंसा करना ।

### 3. क्रियात्मक क्षेत्र (Action Aspect )

(ix) गलत आदतों. जुआबाजी, परस्त्रीगामी, चोरी आदि पर नियंत्रण रखना तथा इन से बचना।

(x) सही आदतों का सृजन करना तथा युक्तियुक्त आत्मा सहायता युक्ति तथा सामाजिक युक्ति को अपनाना।

(xi) लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लगन से यत्न करना और दृढ़ निर्णय लेना ।

(ख) दर्शन भागस्त्रीय सिद्धांत (Philosophical principles):

दर्शन हर विषय की जननी होती है जब कोई विज्ञान किसी प्रश्न का उत्तर ना दे सके तो वह जननी ( दर्शन शास्त्र) के पास चला जाता है और समस्या का ढूंढता है। मानव मूल्यों में अधिकतर प्रश्न ऐसे है जो कि गूढ़ ज्ञान या अध्यात्म-विधा के घेरे मे चले जाते है। ऐसे प्रश्नों का उत्तर फिर दर्शन ही देता है। यही कारण है कि दर्शन को अध्यापक प्रशिक्षण का एक अटूट भाग समझा जाता है वह दर्शन शास्त्र की सहायता से बच्चों में मानवीय मूल्य स्थापित करता है। ऐसा करने के लिए वह संसार भर के किसी भी और विषय से उदाहरण ले सकता है। उदाहरण के तौर पर बच्चों को न्याय, दया, सहायता, सेवा आदि के मूल्य स्थापित करने के लिए अधिक बार वह परमात्मा की इन विशेषताओं का सहारा भी लेता है इसलिए यह जरूरी होता है कि धर्मो का भी ज्ञान होना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर वह उसका प्रयोग कर सके। उसको यह बात स्पष्ट काने के लिए कि उच्चतर मूल्य सारे धर्मों के समान होता है, अन्य धर्मो के सहारे की भी आवश्यकता होती है। इसलिए मानव मूल्य पढ़ाने कि लिए दर्शन शास्त्र तथा इतिहास का ज्ञान अध्यापकों को करवाना चाहिए।

(ग) औपचारिक, गैर औपचारिक तथा अनौपचारिक शिक्षा का उपयोग (Use of formals non formals

and informal education)

सामान्य मूल्यों की शिक्षा प्रदान करने के लिए कभी भी यह पर्याप्त नहीं होता कि इसे केवल औपचारिक ढंग से ही प्रदान किया जाय बल्कि इसको गैर औपचारिक प्रणाली जैसे दूरसंचार शिक्षा, किशोर शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, पत्राचार शिक्षा, तकनीकि शिक्षा आदि के साथ जोड़कर भी पढ़ाया जाना चाहिए।

इसी प्रकार ही इसके मूल्यों को पढ़ाने के लिए अनौपचारिक विधियों का भी प्रयोग करना चाहिए। मंदिर, गुरुद्वारे में लंगर लगाना, सत्कार करना, सेवा करना, बड़ों का आदर सत्कार करना, बच्चों को प्यार-दुलार करना, बीमार तथा घायलों की सेवा करना आदि भी बच्चों को सीखाना चाहिए।

(घ) प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष विधियों का प्रयोग (Use of Direct and Indirect methods)

मानवीय मूल्यों को पढ़ाने के लिए नैतिकता सीखाने के लिए उच्चतर मूल्यों का ज्ञान कराने के लिए इन दोनो ही विधियों का प्रयोग करना चाहिए।

प्रत्यक्ष विधि से भाव है कि नैतिक शिक्षा को भी शेष विषयों की भांति पढ़ाया जा सकता है। इसका पाठ्यक्रम होना चाहिए। इसकी पुस्तके होनी चाहिए। इसका विषय तथा इसकी परीक्षा होनी चाहिए। यह विधि भी प्रयोग में लाई जा सकती है तथा मानव मूल्यों का प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है. पर इन्हें जीवन ढंग के रूप में कम ही बनाया जा सकता है। यदि इनकी परीक्षा के स्थान पर इनका मूल्यांकन किया जाय तो कुछ द तक सफलता अवश्य मिल सकती है।

अप्रत्यक्ष विधि द्वारा इनका प्रशिक्षण कराने के लिए नैतिक सिद्धांतों को भिन्न-भिन्न विषय पढ़ाने के वर्तमान कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रकार हैं। सह-पाठ्यक्रम प्रबन्ध कराने हेतु जोड़ा जाता है। इस क्षेत्र में किये गए खोजों ने सिद्ध किया है कि इस प्रकार के जिन नैतिक मूल्यों को विषयों तथा पाठ्यपुस्तकों के अध्ययन पढ़ते है उसके जोड़ा जा सकता है।

नैतिक सिद्धांतों को किसी उपन्यास, कविता, गायक, प्रमाण, वाद-विवाद, भाषण, प्रदर्शनी, त्योहार, स्वतंत्रता दिवस आदि मनाने को भी एक विषय बनाया जा सकता है।

(ङ) आधुनिक युग में दूरदर्शन शिक्षा का एक बहुत ऊँचा साधन बन गया है। इसकी विशेषता यह है कि इसके द्वारा नैतिक मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से सिखाए जा सकते है। अच्छा होगा कि दूरदर्शन के कार्यक्रमों को योजनाबद्ध तरीके से तैयार किया जाए।

(च) सामाजिक मुल्य, आर्थिक मूल्य तथा राजनैतिक मूल्य परिवर्तित होते रहते हैं और उनके विषय में मानवीय मूल्यों में भी परिवर्तन आता रहता है अतः यह भी अनिवार्य हो जाता है अध्यापक सेवा-काल के मध्य प्रशिक्षण हेतु गोष्ठीयों, वर्कशॉप, वाद-विवाद

प्रतियोगिताओ, भाषण प्रतियोगिताओं, सेमिनार आदि का प्रबन्ध किया जाए। (छ) यदि बच्चों में मानव मूल्य स्थापित करने में बहुत उत्तम कार्य करें तथा अपने जीवन को इस प्रकार ढालें कि उनका जीवन आदर्श हों या जो अध्यापक सेवा के मामले में बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान दे उन्हें राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार को सम्मानित करना चाहिए तथा पुरस्कार देने चाहिए। (ज) उच्च आदर्श वाले विद्यालयों को भी पर्याप्त सम्मान तथा छात्रवृति मिलनी चाहिए। अध्यापकों को चाहिए कि वे ऐसे बच्चों को प्ररित करते रहें।

## निष्कर्ष

शिक्षा के द्वारा व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास उस सीमा तक किया जाना चाहिए जहाँ तक समाज की भलाई और समाजिकता का विकास भी उस सीमा तक किया जाना चाहिए जहाँ तक व्यक्ति के व्यक्तित्व में सहायता मिले। इस प्रकार मूल्यों तथा अध्यापन प्रशिक्षण के द्वारा दोनो की भलाई करना होना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य पुर्णतः और समाज का कल्याण होना चाहिए। यह सब नैतिक तथा सामाजिक तथा सभी मूल्यों का निर्वाह कर ही किया जा सकता है। वह दीप ही दूसरे दीयों को जला सकता है जो पहले स्वयं जल रहा हो। ■

*Assistant Professor,*
*K. N. Bakshi College of Education*



- रीना साव

# युवा और महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका

आज यदि हमें शिक्षा की बात करनी है तो पहले हमें उन मुद्दों को उजागर करना चाहिए जो हमारे समाज को आगे सफलता की और अग्रसर करेगा । जिससे हमारी भावी पीढ़ी का भी विकास होगा। हमारे देश के युवा और हमारे देश की महिलाओं का शिक्षा का सम्पूर्ण विकास होना चाहिए क्योंकि यही वो वर्ग है जो जिनसे हमरे समय का उत्थान या पतन निर्भर करता है। विशेष रूप से मैं महिलाओं की बात करना चाहुंगी।

"नारी ही शक्ति है नर की,
नारी ही शोभा है घर की।
जो उसे उतिचत सम्मान मिले
घर में ख़ुशियों के फूल खिले"

लैंगिक असमानता भारत में मुख्य सामाजिक मुद्दा है, जिसमें महिलाएं पुरुषवादी प्रमुख देश में शुरू से पिछड़ी हुई है, जिस प्रकार किसी रथ को सुचारू रूप से चलाने के लिए दोनों पहियों की बराबर की भूमिका होती है, ठीक उसी प्रकार समाज में साम्यवस्था बनाए रखने के लिए महिलाओं को सशक्त करना आवश्यक है। महिला सशक्तिकरण को साधारण रूप से कह सकते है कि महिलाओं को कोमल समझकर उन्हें पीछे नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें पुरुषों के हर कार्य में कंधा से कंधा मिलाकर चलना चाहिए।

जिससे की उनमें भी आत्मविश्वास की भावना का उजागर हो और वे अपने जीवन से संबंधित फैसले ले सके ।

हम सभी जानते है कि किसी भी परिवार के सफलता में उस घर की महिला का भी उतना ही योगदान होता है जितना कि पुरुषों का यदि एक परिवार के सफलता के पीछे महिला है तो हमारे समाज के पीछे भी उन्हीं का हाथ है, और हमारे समाज से ही राष्ट्र का भी निर्माण होता है तो हमें यह कहने में कोई भी संकोच नहीं है कि हमारे राष्ट्र के विकास में महिलाओं का सर्वोच्च स्थान है तो यह हमारा कर्तव्य है कि हम सभी महिलाओं के शिक्षा की और पुरजौर ध्यान देना चाहिए। हमें उनकी शिक्षा की उचित व्यवस्था करनी चाहिए। हमें वो हर सुविधा उनके लिए उपलब्ध करानी चाहिए जिनकी वो हकदार है, और उनके शिक्षा के मार्ग में होने वाली बाधाओं को दूर करने में सहयोग करना चाहिए। कुछ महिलाएं परिवार और गृहस्थी के चक्कर में पड़कर चाहकर भी अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाती है, तो हमें उन्हें दूरस्थ शिक्षा के बारे में बताना चाहिए ताकि वे दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी अधुरी पढ़ाई को पूरी कर सके। कुछ बच्चियों आर्थिक कमी के कारण भी अपनी पढ़ाई आगे नहीं कर पाती है तो सरकार के द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाए जा रही है, जिनसे उनकी कुछ आर्थिक मदद की जा सके और आज के जमाने में स्किल डेवलपमेंट के द्वारा बच्चियां स्वयं को डेवलप करके खुद से भी कुछ पैसों का अर्जन कर सकती है और अपनी पढ़ाई को आगे जारी रख सकती है। इन सभी बातों से हम शिक्षकों को उन बच्चियों और महिलाओं को अवगत कराना होगा ताकि वे इन सबका उपयोग कर सके।

हम सबने सुनिता विलियम', 'कल्पना चावला', 'पी०टी० उषा', 'पी०वी० सिंधु', 'सानिया मिर्जा', आदि का नाम सुना ही है, ये हमारे देश की वो बेटियां है, जिन्होनें हमारे देश का नाम रौशन किया, हमारे देश को अपने कार्य के दम पर गौरवान्वित किया। उनके भी मार्ग में कई बाधाएं आयी होगी पर उन्होंने डटकर उनका मुकाबला किया होगा और हर बाधाओं और रूढ़ियों को चीरते हुए अपने लक्ष्य तक



पहुंची। अतः हमें उनसे सीख लेनी चाहिए।

यदि हम युवाओं की बात करें तो हमारे समाज के युवा वर्ग हर कार्य को बड़े गर्म जोशी के साथ करते है। वो हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते है। यदि इनके उत्साह को इनके गर्मजोशी को सही मार्गदर्शन किया जाए तो ये हमारे समाज के विकास के लिए क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का काम करेगा तो जरूरत है इस बात की हम किस तरह अपनी सोच अपनी मानसिकता को बदलें कि इन युवाओं को हमारी बातें, हमारे दिखाएं हुए राह पर चलने में कठिनाई महसुस न हो, हम उनकी मन की बातों को समझकर उन्हें सही दिशा की ओर अग्रसर करें ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके और इन सबके लिए हमें शिक्षा का सहारा लेना पड़ेगा, क्योंकि यही वह राह है जिस पर चलकर लोग हर मुश्किल और बाधाओं को पार करते हुए अपनी मंजिल तक पहुंच जाते है।

आज हम भले ही डिजिटल इंडिया की बात करें, विकास की बातें करें, स्किल डेवलपमेंट की बात कर, विकास की बातें करें, स्किल डेवलपमेंट की बात करें, विकास की बातें करे, लेकिन एक बात कहना चाहूंगी कि हमारा समाज, हमारा देश आज भी अंधविश्वास और दकियानुसी विचारों को मान रहा है, खासकर हमारे समाज की महिला वर्ग इन सब चीजों से ज्यादा प्रेरित रहती है और इन सबके चलते हमारे युवा वर्ग भी कहीं न कहीं इससे प्रभावित होते हैं। क्योंकि आसपास का वातावरण जैसा होगा लोग भी वैसी ही मानसिकता वाले होंगे।

शिक्षा का अर्थ है कि हमलोगों को सच्चाई से अवगत करायें और शिक्षा के द्वारा उनका सही मार्गदर्शन किया जाये। ऐसा नहीं होना चाहिए कि यदि हमारे पूर्वज अंधविश्वास में, अशिक्षा में जीते आये तो हम भी उनका अनुसरण करें, बल्कि हमें इन सबसे बचना चाहिए और युवाओं को भी इससे बाहर निकलने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए।

आज के बदलते दौर में लोगों ने शिक्षा का अलग ही अर्थ लगा लिया, जहां शिक्षा सिर्फ डिग्रियां हासिल करने के लिये ही की जाती है ये डिग्रिया सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह जाती है और वास्तविक शिक्षा से लोग अक्षुण्ण रह जाते है जिसका असर यह होता है कि लोग अपने मौलिक व्यवहार, अपने मौलिक स्वभाव में ही खरे नहीं उतरते। कोई भी व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति की मदद नहीं करना चाहता। यदि मदद करते भी है तो उनमें इनका निजी स्वार्थ निहित होता है। हर आदमी दूसरे आदमी को स्वार्थ की दृष्टि से देखता है और उन्हें सिर्फ अपने मतलब से मतलब होता है। जिसके चलते हमारे विचार और सोच संकीर्ण होते जा रहे है।

इसलिए हमें जरूरत है सही मायने में लोगों को00ट से देखता है और उन्हें सिर्फ अपने मतलब से मतलब होता है। जिसके चलते हमारे विचार और सोच संकीर्ण होते जा रहे हैं।

इसलिए हमें जरूरत है सही मायने में लोगों को शिक्षित करने की। उनके सोच, उनके विचार को सही मायने में शिक्षित करने की और इसके लिए हमें अपने समाज के महिलाओं और युवाओं को प्रेरित करना है और उन्हें शिक्षा का सही अर्थ समझाना है। ■

***Assistant Professor,***

***K. N. Bakshi College of Education***

# सम्पादकीय

- फूलमति मराण्डी

समय का कारवाँ चलता गया और हम गत वर्ष को अलविदा कहते हुए नए नये वर्ष का स्वागत कर रहे हैं। नए वर्ष में नया जोश और नई सोंच से सराबोर महाविद्यालय पत्रिका 'चरैवेति' का यह दूसरा संस्करण प्रस्तुत है। मनुष्य सृष्टि की सबसे अद्भुत रचना है। क्योंकि उनमें कल्पनाशक्ति के तत्व मौजूद होते हैं। इस ब्रम्हाण्ड में असीम ऊर्जा का संग्रह है। मनुष्य उन व्याप्त शक्तियों और ऊर्जा को एकत्र कर अपने शरीर में केन्द्रित करता है और अपनी बुद्धि और कल्पना क्षेत्र का विस्तार करता है। कल्पनाओं की कोई सीमा नहीं होती इसलिए हमें अपने कल्पना के परींदे को आकाश की असीम ऊँचाइयों को छुने के लिए स्वच्छन्द छोड़ देना चाहिए। आज लोगों में जो कल्पनाओं व विचारों की दरिद्रता का अंश मौजूद है उसका शमन कर हमें साहित्यिक क्षमताओं व प्रतिभाओं का विकास करण है।

इस पत्रिका को सम्पादन करते हुए मुझे विद्यार्थियों की कलात्मक रचनाओं, विचार वैभव और शिल्पशक्ति से परिचित होन का अवसर मिला।

मुझे यह अहसाह हुआ कि कैसे कलम से लिखे छोटे-छाटे शब्द, कविताएँ और रचनाएँ हमारे मन की स्मृतियों तथा अहसासों के तार को स्पर्श कर उन्हें झंकृत कर देती है एवं जीवन के खट्टे-मीठे यादों को जीवंत कर देती है।

विद्यार्थियों की रचनाओं में हमें जीवन तथा समाज की सच्चाई एवं परिपक्वता का अहसास होती है। विद्यार्थी प्रकिृति एवं आस-पास की घटनाओं से प्ररणा लेकर अपनी भावनाओं तथा रचनाओं को प्रत्यक्ष रूप देते है। यह महाविद्यालय पत्रिका उन रंगीन कल्पनाओं को प्रकाशित कर उन्हें नई राह दिखाती है एवं उनका उत्साहवर्द्धन करते हुए उन्हें बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करता है। बी०एड० एवम् डी०एल०एड० पाठयक्रम के अनुरूप संपूर्ण वर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की खुशबू पत्रिका में महसूस की जा सकती है।

मैं उन सभी के प्रति आभार प्रकट करना चाहूँगी जिन्होंने इस पत्रिका के सफल संस्करण में सहायता दी। साथ ही मैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अजीत कुमार सिंह एवम् सभी शिक्षकों को हर्ष के साथ धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ जिसके मार्गदर्शन एवं सहयोग से इस पत्रिका सफल रूप से प्रकाशन सम्भव हुआ।

पत्रिका का यह दूसरा संस्करण यदि सकारात्मक पहल कर कल्पना और साहित्य का विकास करने में सफल भूमिका निभा पाता है तो हम अपने इस प्रकाशन के उद्देश्य को पूर्ण समझेंगें। ■

धन्यवाद!

**बी0एड0: 2021-2023**
**क्रमांक: 29**

# How B.Ed. helps to become a good Teacher

**- Aman Kaushal**

A Bachelor of Education degree or B.Ed. is essential for everyone who wishes to become a highly effective teacher.

During B.Ed. program students learns about the theories and principals behind teaching and learning. They develop a deep understanding of child development and psychology as well as different teaching strategies and methodologies.

In addition to classroom based learning B.Ed. programs also include significant practical experience through teaching placement in local schools. This allows students to apply what they have learned in a real world setting and gain valuable experience working with children of different ages and background. Moreover, a B.Ed. degree is often a requirement for teaching positions in schools and educational institutions worldwide. It demonstrates to employers that the candidate has undergone specialized training in education and is qualified to teach.

Overall, a B.Ed. is a crucial step for anyone who desires to pursue a career in teaching and wants to make positive impact on the lives of students.

A B.Ed. program is a comprehensive course that is designed to provide aspiring teachers with knowledge, skill and practical experience they need to become effective educations.

During the course of the program, students participate in classroom lectures, discussions, and hands on activities that help to develop the skills necessary to be effective on the teaching profession. They also gain experience working with real students in real classrooms which can be incredibly beneficial in building confidence and understanding the day to day realities of teaching.

One of the key benefits of this course is that it prepares teachers to be a lifelong learner. Teachers who have completed a B.Ed. program are equipped with the tools and strategies they need to continue their professional development throughout their careers. They are well versed in the latest teaching methodologies and technologies and are able to adapt their teaching style to suit the needs of their students.

Overall, a B.Ed. program is an essential step on the pathway to becoming a highly effective teacher. It provides aspiring teachers with the foundational knowledge, skill and practical experience they need to succeed in the classroom and make a positive impact on the lives of their students.

Throughout the B.Ed. program you will be required to complete papers , presentations , and practical teaching experience ,these assignment are designed to help you apply the concepts and theories you have learned in class to develop the skill and knowledge needed to become a highly effective teacher .

One of the most significant advantages of B.Ed. degree is that it provides practical experience to aspiring teachers. Theoretical knowledge is essential but it can only take




you so for in teaching profession.

They offer students the opportunity to gain hand son experience in a classroom setting, which is vital to becoming and effective educator .B.Ed. programs often include teaching practice session , where students work under the guidance of experienced teachers , During these session , student get to practice their teaching skills learn how to create lesson plan and deliver instruction effectively. They also get to intract with students, understand their needs and challenges and develop strategies to help them learn between B.Ed. program also offer students the chance to develop their communication, leadership, and interpersonal skills. These skills are circles in teaching profession as they help teachers to effectively communicate with students, colleagues and parents. They also help teachers to create a positive learning environment manage disruptive behavior and build strong relationship with their students.

One of the biggest advantages of having a Bachelor of Education (B.Ed) degree is that it sets you apart from other job candidates. With this degree you will have specialized knowledge in teaching and learning, curriculum development and classroom management techniques. In addition, B.Ed. program provides you with practical experience in the classroom through student teaching placements. This not only gives you a chance to apply what you have learned in a real word setting, but it also helps you build a network of contacts in the education field.

**Course : B.Ed.**
**Roll No. : 09**
**Session : 2021-23**

# ईमानदारी का ईनाम

- दामु मराण्डी



एक गाँव में बाबुलाल नाम का एक पेंटर रहता था। वह बहुत ईमानदार था किन्तु बहुत गरीब होने के कारण वह घर-घर जाकर पैंट का काम किया करता था। उसकी आमदनी बहुत कम थी। पूरा दिन काम करने के बाद भी वह बस दो वक्त की रोटी जुटा पाता था। वह हमेशा चाहता था कि उसे कोई बड़ा काम मिले। एक दिन गाँव के जमीनदार ने बाबुलाल को बुलाया। बाबुलाल जमीनदार के पास गया। जमीनदार ने कहा मेरे पास एक नाव है तुमको उसमें रंग लगाना है और उसे रंग आज के दिन ही करना है। बाबुलाल ने जमीनदार को कहा कि वह रंग कर देगा। बाबुलाल ने जमीनदार से कहा रंग करने का 1500 रूपया लगेगा।

इसके बाद जमीनदार ने बाबुलाल को नदी के किनारे खड़ी नाव दिखादी। बाबुलाल नें अपने हाथ से रंग लाकर बड़ी सफाई के साथ उसमें रंग करने लगा। ज बवह रंग कर रहा था तो उसको नाव में एक छेद नजर आया। उसनें सोचा अगर मैं इसके ऊपर केवल रंग कर दुंगा तो वह नाव डुब जाएगी। इस लिए पहले उसने रंग करने लगा। उसने उस छेद को भरा और फिर उस पर रंग किया। नाव के रंग का काम पूरा होने के बाद पैसे अगले दिन देने की बात की। जिसके बाद बाबुलाल चला गया। अगले दिन जमीन के बीबी बच्चे उस नाव में बैठकर नदी के पार घुमने चले गए। शाम को जब जमीनदार का नौकर लौटा तो उसने घर के बाकी सदस्यों घर में न देखकर जमीनदार से पूछा तो जमीनदार ने बताया कि वह नाव में बैठकर नदी के पार घुमने गए हैं। नौकर ने जमीनदार को बताया की उस नाव में तो छेद था।

जमीनदार इस बात से बहुत परेशान हो गया। इसके कुछ देर के बाद ही जमीनदार के बीबी और बच्चे सकुशल लौट आए। उनको पता चल चुका था कि बाबुलाल रंग करते समय उस छेद को भर दिया था। इसके बाद जब बाबुलाल अपने पैसे लेने आए तो उसमें 6000 रू० थे। बाबुलाल ने कहा आपने गलती से मुझे ज्यादा रूपये दे दिये।

जमीनदार ने कहा नहीं यह तुम्हारे काम का ईनाम है। जो तुमने किया है। तुमने नाव में रंग करते समय जो छेद भरा था। उसकी वजह से मेरे परिवार की जान बच गई। बाबुलाल पैसे लेकर घर चला गया और वह बहुत खुश था। ■


**रोलः 61**

**कोर्सः बी०एड**

**सत्र : 2022-2024**

**सेमेस्टरः I**

# “‘हाय रे आदिवासी’’

- फुलमती माराण्डी

आदिवासी कोई और नहीं,आदमी है कोई मशीन नहीं,
खेतों में मजदुरी करते हैं, गावों में रहते वो हैं,
न नलकुप है न कुआं, झरना कुप का पानी पीते हैं।

अमीरों के लिए घर बनाते हैं, पर स्वयं बेघर रहते हैं,
खेती करते हैं अन्न उपजाते हैं, लेकिन स्वंय रोटी के लिए तरसते हैं,
ये वही आदिवासी और मजदुर हैं।

जमीन भी उसी दंगल की, मेहनत भी उसी जाती की,
खानों को खोदने वाला, कोयला को ढ़ोने वाला,
ये कोई और नहीं, वही आदिवासी और मजदुर है।

आग की लपटों से खेलते, अपनी जान की परवाह न करते,
द्रवित लोहे की साँचों मे ढ़ालते, इसमे मजदुर आदिवासी खटते,
पर सलुजा गोल्ड, मोंगिया और टिसकॉन के नाम से जाने जाते।

ग्रामीण आदिवासी किसान है, जौ, मक्का, गेहूँ, बाजरा,
राई सरसों तिसी कुदरूम, अरहर, मटर, मसुर, खेसारी,
उपजाते हैं शुद्धता के अन्न पर बिकते बड़ी सस्ते हैं।

अमीर लोग उद्योगपति हैं, गरीबों पर आश्रित हैं,
भाव कम, आनाज मोटे आसानी से करते आयात,
अशुद्धी और मिलावटी का उत्पाद बनकर है तैयार।

बेसकीमती और जहरीले, समान बिकते बाजार में,
असमर्थ हैं खरीदने में, आवश्यक है जीवन में,
जीवन जोखिम में पड़ जाती वो कोई और नहीं, आदिवासी और गरीब मजदुर हैं।

बड़े-बडे.भूमि माफिया है जो, कई एकड़ कई बीघा और कई डिस्मील,
जमीन अपने नाम किये बैठे हैं, पर भूमि अधिग्रहण मामले में,
पीड़ीत, शोषि एवं विस्थापित वही आदिवासी और मजदुर हैं।

चीज एक है काम एक है इन्हें बेचने वालों पर लगने वाली धाराएँ अनेक हैं,
अमीर शराब की दुकान बाजार में लगाते हैं, गरीब के घरों में शराब के,
नाम पर छापेमारी लगते हैं, फर्क बस  इतनी है "लायसेन्स की"
जहरीली शराब भी अमृत बन जाती है।

नि:शुल्क राशन, नि:शुल्क शिक्षा सुविधा, नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा,
नि:शुल्क जीवन बीमा ये सुविधाएं आदमी को अपाहिज  बना दिया,
मेहनत करने से कतराते हैं लोग, गरीब विवश बनते जा रहे आदिवसी,
जमीन छीने जा रहे नौकरी के नाम पर विस्थापित किए जा रहे,
पैसों के दम पर, हमारे मुल्क में विदेशी बसेरा करते हैं,
हमारे देश के लोग पलायन करते हैं।

**रोलः 29**
**कोर्सः बी०एड**
**सत्र : 2021-2023**
**सेमेस्टरः III**



# यात्रा वृतान्त

मैं एक बी०एड० सेमेस्टर - 3 सत्रः 2021-2023 की छात्रा हूँ। मै के०एन० बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन करमाटांड, गिरिडीह से बी०ए० कर रही हूँ। मैं कुछ अनुभव एवं आनंदित पल को साझा कर रही हूँ।

मार्च की महीना था, कॉलेज में छुट्टियाँ लगी थी। छात्रावास में रह-रहकर मन उब चुका था। अचानक सा कहीं घुमने जाने के लिए मन विचलित हो गया। छात्रावास में रहने के कारण कोई नीजी वाहन की सुविधा नहीं थी परन्तु घुमने जाने की इच्छा जरूर थी। इधर-उधर कुछ सोंचे, दो-चार सहेलियों से बात-चीत की तो घुमने जाने की बात तय हुआ। हमने भी कहा चलो चलते हैं थोड़ा बसन्ती हवा का आनन्द लेते हैं।

हमलोगों ने ज्यादा दुर जाने का कार्यक्रम नहीं बनाया क्योंकि आर्थिक कमजोरी बनी हुई थी और अचानक ही तय हुआ था। तो दो चार सहेलियों के साथ घुमने निकले लगभग सुबह के 8:00 बजे थे और छात्रावास से निकले। हमलोगों का छात्रावास एवं बस पड़ाव तक जाने के लिए पैदल का रास्ता चुना और छात्रावास से जैसे ही निकले ऐसा लग रहा था की सचमुच अलग झारखण्ड में पहुँच गए हैं।

क्योंकि बहुत ही मुश्किल से बाहर की हवा का आनन्द ले पाते हैं।

मार्च का महीना था बसंत ऋतु प्रारम्भ हो चुकी थी, कॉलेज और छात्रावास चारों ओर जंगलों से घिरा हुआ है। इस मौसम साल की नई-नई कोपलें निकल आई थी। लम्बे-लम्बे साल के वृक्षों में सफेद-सफेद फूल लदे थे मानों एसा लग रहा था परियों का झुण्ड स्वर्ग लोक से धरती की ओर उतर रही है। पेड़ों में लदे पतियाँ वातावरण को शुद्ध कर रही थी और हरियाली से मन को मोह रहे थे। हाल-फिलहाल मे बारिश हुई थी और मंद-मंद ठण्ढी हवाएं बह रही थी बाहर का नजारा देखते ही बन रहा था।

कुछ लोग जंगल की ओर अपने काम के वास्ते जा रहे थे तो कुछ जंगलों से घर की ओर। महिलाएं सिर पर लकड़ी का लम्बा बोझा लिए कतार पर चल रही थी जो मन को मोह ले रही थी। पुरूष भी अपने-अपने पशुओं के लिए जंगलो से पत्ते लाते दिखे। कई छोटे बच्चे-बच्चियाँ भी आस-पास खेलते नजर आए। छोटे बच्चे फूलों को चुनकर इकट्ठा करते उससे मन मोहित रंगोलियाँ सजाते दिखे ऐसा लग रहा था देखते रहें परंतु हमलोंगों को आगे भी जाना था। अभी भी कई दूरी सफर बाकी था, धीरे-धीरे बस पड़ाव की ओर आगे बढ़े।

अब लगभग बस पड़ाव पहुँच ही गए कि एक चाय की दुकान पर नजर पड़ा मौसम ठण्डा-ठण्डा था तो चाय की प्याली काफी आकर्षक लग रहे थे तब चाय का स्वाद चखने लगे। इतने में हमारी बस आ पहुँची सारी सहेलियाँ झट-पट बस मे सवार हो गई और अपनी मंजील की ओर आगे बढ़ी। रास्ते में जाते- जाते इतनी मस्ती की जिसका वर्णन ही नहीं कर पा रही हूँ। बस में कोई चुटकुले सुना रही थी तो काई गाने गुनगुना रही थी। बाहर की वादियाँ ऐसे लग रही थी मानों कश्मीर की यात्रा कर रहे हैं। बाहर हरे-भरे और फूलों से लदे वृक्ष मन को खुशियाँ दे रही थी । पता ही नहीं हमलोगों को 1 घंटे का सफर तुरन्त ही खत्म हो गई और उस प्रसिद्ध जगह पर पहुँच गए थे जहाँ पर लोग दूर-दूर घूमने आते हैं। गिरिडीह स्टेशन से महज 5 की०मी० की दूरी पर स्थित खण्डोली डैम है जहाँ पर बहुत सारे लोग देखने आते हैं हमलोग पहली बार पहुँचे थे वहाँ, की प्राकृतिक सौन्दर्य देखने लायक थी। ऊँचे-ऊँचे पहाड़ों की चोटिया, पहाड़ों की तराई में डैम की जलाशय बड़ी मनोरम लग रहा था। हमलोगों ने पहाड़ की चोटियों तक चढ़ने की कोशिश किए पहाड़ ऊँचे होने के कारण चोटी तक नहीं पहुँच सके हमलोग नीचे उतर गए और डैम की ओर चले वहाँ की नजारा देखने लगे डैम में स्टीमर चलाए जा रहे थे, हमने भी स्टीमर में चढ़ा। स्टीमर से पूरे जलाशय में घूमे और देखे की पानी के नीचे बड़ी-बड़ी मछलियाँ दिखाई दिये। वहाँ बड़ी-बड़ी सारस पक्षी भी उतरते हैं। पक्षियों की इतनी बड़ी झुण्ड थी की हमारे स्टीमर के चारों ओर फैल गई थी। यहां (बाक) बगुले, और पन्नडुब्बी पक्षी भी दिखाई दिए। पानी में सैर करने के बाद बगीचे में भी गए वहाँ हर प्रकार के फूल लगे थे। भिन्न-भिन्न प्रजातियों के सजावटी पौधे भी लगे थे। यहाँ बनी कलाकृतियाँ ऐसी लग रही थी कि सच-मुच सा कोई जीवीत जीव ही है। पूरा बगीचा इतने सजे हुए थे कि देखते रहने का मन कर रहा था।

अभी शाम के 4:00 बजे थे, बहुत थक चुके थे भुख भी लगी थी पर क्या करते घूमने गए थे। सहेलियाँ एक जूट हुए और फिर अपने घोंसलों की दिशा बदले थके हुए अब फिर बस में सवार होकर अपने बस पड़ाव तक आए। शाम हो चुकी थी अंधेरे से हो गए थे तब छात्रावास आ पहुँचे। उस दिन सच कहूँ तो मेरे लिए यादगार पल रहा।■

# कहानी

- इलाची बेसरा

आज कहानी का मुख्य विषय मनुष्य है, देव या दानव नहीं, पशुओं के लिए भी कहानी में कोई जगह नहीं रही। हाँ बच्चों के लिए लिखी गई कहानियों में देव-दानव, पशु-पक्षी, मनुष्य सब आता है। लेकिन श्रेष्ठ कहानी उसी को कहते हैं, जिसमें मनुष्य की जीवन का कोई समस्या या संवेदना व्यक्त की गई होती है।

### कहानी लेखन की निम्नलिखित विशेषताएँ: -

1. पहले हमारी शिक्षा और मनोरंजन के लिए लिखी जाती थी, आज इन दिनों के स्थान पर को तोहर जवानी में जो कहानी सनम हो, वो सही सफल समझी जाती है।
2. आज का मनुष्य या जाने लगा है कि मनुष्य अपने भाग्य निर्माता है। वह किसी के हाथ का खिलौना नहीं। इसके लिए आज की कहानियों के आधार मनुष्य जीवन का संघर्ष है।
3. आज के जीवन के कहानी का लक्ष्य विभिन्न प्रकार के चरित्रों के सूची करना है। यही कारण है कि आज खाने में चरित्र चित्रण का महत्व अधिक बड़ा है।
4. पहले जहाँ कहानी घटनाओं का जम घट लगाना होता था, वहां आज घटनाओं को महत्व न देकर मानव मन में, किसी एक भाव, विचार और अनुभूति को व्यक्त करना है। प्रेमचंद ने इस संबंध में स्पष्ट लिखा है, कहानी का आधार अब घटना नहीं अनुभूति है।
5. पुरानी कहानियों का अर्थ अधिकतर सुखद होता था, किन्तु आज की कहानियाँ मनुष्य की दुःखनाक कथा को उसके जीवन गत समस्याओं और संघर्षों को अधिक प्रकाशित करती है।■

**रोल: 59**
**कोर्स: बी०एड**
**सत्र: 2022-2024**
**सेमेस्टर: I**



# G20 में भारत की भूमिका

- सोनु कुमार

ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (G20) अन्तराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना ओर अधिशासन निर्धारित करने तथा उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत 01 दिसम्बर 2022 से 30 नवम्बर 2023 तक ;G20द्ध की अध्यक्षता करेगा।

## G20 में शामिल देशः

(G20) में शामिल सदस्य देशों के नाम निम्न प्रकार से हैं- अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरीका। स्पेन स्थायी अतिथि है जो प्रत्येक वर्ष आमंत्रित किया जाता है।

## भारत की भूमिकाः

भारत की G20 की अध्यक्षता इन दिनों खूब चर्चा में है। दरअसल हमारा देश भारत पहली बार विश्व के सबसे शक्तिशाली समूह G20 की अध्यक्षता कर रहा है। भारत ने इसकी अध्यक्षता 01 दिसम्बर 2022 को ग्रहण की है। चहूँओर ये शोर है कि G20 में भारत ही एक मात्र ऐसा देश है जो 'अगुवा राष्ट्र' की भूमिका निभाएगा और ऐसा ही हुआ भी।

## माकूल वक्त पर मिली G20 की अध्यक्षताः

निश्चित रूप से भारत को G20 की अध्यक्षता ऐसे दौर में मिली है जो समसामयिक इतिहास में उतार-चढ़ावों से भरी है। पीएम मोदी के मुताबिक भारत को G20 की अध्यक्षता ऐसे समय पर मिली है जब दुनिया में संकट और अफरातफरी का दौर है। दुनिया सदियों में एक बार आने वाली महामारी के परिणामों से जूझ रही है, और इस समय संघर्षों के साथ-साथ आर्थिक अनिश्चिता का माहौल है। ऐसे में भारत पूरी दुनिया के लिए अगुवा राष्ट्र की भूमिका भिन्न-भिन्न मुद्दों से लेस होने के बावजूद भी सफलता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। और यही वो वक्त है जब भारत पूरी दुनिया के लिए एक उम्मीद बन गया। ऐसे में भारत अपने नेतृत्व क्षमता में इसी तरह कामयाब होता चला गया तो यकीनन इक्कीसवीं सदी भारत के प्रभुत्वता होगा।

## दुनिया के समक्ष चुनौतियाँ बेसुमारः

दुनिया के समक्ष तेजी से बदलते इस वक्त में बेशुमार चुनौतियाँ है जिनमें कोविड-19 महामारी, रूस यूक्रेन संघर्ष, अमेरीका-चीन टकराव और बहुपक्षीय व्यवस्था का कमजोर पड़ना आदि शामिल है। ये तमाम घटनाक्रम दुनिया को अभूतपूर्व रूप से प्रभावित कर रहे हैं। वहीं बुनियादी परिवर्तनों से पूरी दुनिया जूझ रही है। कोविड महामारी हो या यूक्रेन संघर्ष दोनो ने इन भीतरी बदलावों को और भी संगीन बना दिया है। इसका नतीजा यह रहा है कि विश्व स्तर पर महंगाई और तेजी से बढ़ने लगी जिसका दबाव आज सभी छोटे-बड़े देश झेल रहे हैं। वहीं खाद्य और उर्जा संकट और आर्थिक मोर्चे पर व्यापक गिरावट भी देखने को मिल रही है। ऐसे में नागरिकों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लिए दुनिया के राष्ट्र तेजी से अपने खजाने खाली कर रहे हैं। ऐसे में हम सतत विकास लक्ष्य ̈क्ळै हासिल करने से कोसों दूर नजर आते हैं।

सांसारिक चुनौतियाँ अनेक प्रकार के हैं परन्तु विपरीत परिस्थितियों में भी दुनिया के मानकों का सुधार करने की क्षमता भारत के पास है और सभी देशो के इस विश्वास पर भारत अभी तक खरा उतरा है।

## G20 ऐसा मंच जहाँ दुनिया की समस्याओं का समसधानः

वैश्विक बिखराव के इस दौर में शायद पूरी दुनिया को यह आभास हो चुका है कि G20 ही शायद अपने किस्म का इकलौता मंच बन सकता है, जो एक हद तक इन तमाम चुनौतियों का समाधान तलाश सकता है। फिलहाल भारत इस समूह में सबसे मजबूत स्थिति में नजर आता है, जबकि इस समूह मे अमेरीका, ब्रिटेन जैसे विकसित देश इन समस्याओं के समाधान के रूप में भारत पर टिकी है।

G20 समूह के सदस्य देशों में विश्व की कुल आबादी का

67 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है, वैश्विक जीडीपी में G20 का हिस्सा लगभग 85 प्रतिशत है और वैश्विक व्यापार में ये समूह 75 प्रतिशत से भी ज्यादा का योगदान देता है, लिहाजा इस संस्था में प्रभावी बहुपक्षीयवाद में हमारा भरोसा फिर से बहाल करने की तमाम संभावनाएँ मौजूद हैं। पहाड़ जैसी जिम्मेदारी को निभाने के लिए जिस तरह के नेतृत्व की दरकार है, इकलौता भारत ही आज उसे मुहैया कराने की स्थिति में है।

### भारत की G20 की की अध्यक्षता का लक्ष्यः

भारत की G20 अध्यक्षता का लक्ष्य विश्व को मौजूदा ध्रुवीकरण वाली अवस्था से दुर, बेहतर सद्भाव वाली व्यवस्था की ओर ले जाना होगा। भारत एक बहु-सांस्कृतिक लोकतंत्र है। उसकी यही असलियत दुनिया में बेहद जुदा रूख रखने वाले विविध किरदारों को एकजुट करने में दिशानिर्देशक का काम करेगी। ऐसे विचारों के कारण भारत ने भी अपना वर्चस्व कायम करते हुए G20 की अध्यक्षता सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

### G20 भारत की अवधारणा 'वसुधैव कुटुम्बकम'

वैश्विक व्यवस्था को लेकर भारत की परिकल्पना एक धरती एक परिवार, एक भविष्य उसकी खुद की भूमिका को अमली जामा पहनात है ''वसुधैव कुटुम्बकम''। भारत ने ये साबित किया है कि वो महज शिगुफों के भरोसे नहीं टिका है। याद हो साल 2020 में पहली बार कोविड के उभार के तत्काल बाद भारत ने एकजुट होकर काम करने वाली अंतराष्ट्रीय विरादरी की जरूरत पर बल दिया था ताकि बेहद न्यूनतम संसाधनों में संघर्ष कर रहे लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद की जा सके। वहीं उस वक्त विकसित दुनिया ने अपना पूरा फोकस खुद पर लगा रखा था। कुछ देशों ने अपनी पूरी व्यस्क आबादी को 5 बार डोज दिए जाने के बराबर टिक्के इकट्ठे कर रख लिए थे। अब विश्व व्यवस्था में मौजूद इस संकट के बीच एक बार फिर इन्हीं चुनौतियों मे छिपे अवसरों का लाभ उठा रहा है क्योंकि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के सभी प्रकार के व्यवस्थाओं का पूरी तरह से प्रभावित कर रखा है।

G20 भले ही वैश्विक प्रशासन मे मौजूद कर्मियों के इलाज के लिए रामबाण न हो लेकिन इस रास्ते की बाधाएं बेहद गम्भीर है। ऐसे मे इसे असरदार प्रबंधन की सबसे अधिक जरूरत है जो कैलिबर पूरी दुनिया को भारत में दिखती है। ऐसे में अब इस मंच से भारत की आवाज अनसुनी नहीं हो सकती। वहीं अब जबकि भारत खुद इस वर्ष मेजबानी कर रहा है तो अगले एक वर्ष तक भारत के विभिन्न शहरों और राज्यों में G20 के मंच की अलग-अलग बैठकें आयोजित की जाएगी। ऐसे में दुनिया में भारत को विश्व की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। ■


कोर्सः बी०एड०

रौल न०ः 59

सत्रः 2021-2023


# आजादी का अमृत महोत्सव

आजादी का अमृत महोत्सव का अर्थ है ''स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे करना।'' भारत के प्रधान मंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने इस अभियान की शुरूआत 12 मार्च 2021 को की थी। यह महोत्सव 15 अगस्त 2023 तक जारी रहेगा। इस पहल का उद्देश्य भारत के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों और उपलब्धियों के बारे में आमलोगों को जागरूक करना।

आजादी के इस अमृत महोत्सव को मनाए जाने के कुछ कारण हैं। पहला यह कि भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी और दुसरा यह की देश स्वतंत्र करने के लिए जिन राष्ट्र सपूतों ने बलिदान दिया और बहुत कष्ट सहे उन्हें याद करने का यह दिन है। तीसरा यह की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं, इन कारणों से आजादी के अमृत महोत्सव के माध्यम से उन सभी लोगों को स्वतंत्रता और लोकतंत्र के सही मायने बताना बहुत जरूरी है और साथ ही यह भी बताना जरूरी है कि इन 75 वर्षों में भारत ने क्या उपलब्धियाँ हासिल की है। ■

*अमन की इस धरती पर क्यों हो रही नफरत की आँधी।*

*आजादी के 75 वर्ष बाद भी पूछ रहे कि जिन्ना बड़ा या गाँधी।।*


कोर्सः बी०एड०

रौल न०ः 59

सत्रः 2021-2023

# 'पेड'

**- अनिल बैठा**

हरे-भरे ये पेड बडे,
हरदम रहते ये खडे,
बारिश में ये खुब नहाते,
डाली -डाली फूल खिलाते।
तेज धूप में हमें बचाते,
हम छाया में इनकी सुस्ताते,
मीठे फल ये हमें खिलाते,
परोपकार का पाठ सिखाते।
सरहदों पर बहुत तनाव है क्या
कुछ पता करो चुनाव है क्या।
फैसला जो कुछ भी हो मंजूर होना चाहिए
जंग हो या इश्क हो भरपूर होना चाहिए ।
और कट चूकी है उम्र जिनकी पत्थर तोडते
अब इनकी हाथों में कोहिनूर होना चाहिए।

'आजादी'

पंछी है कैद अगर
तो उडने में कर मदद तू।
रात है काली अगर,
दिया जला कर रौशन कर तू।
बीत गए कई साल रूढिवादी विचारों में उलझ कर,
सुलझा मन के भाव तू।
औरत, आदमी या हो कोई बच्चा,
सबके जीवन का कर सम्मान तू।
तोड दे दिवारें सारी,
आगे बढ विजयी राह पर।
उन वीरों ने क्या पाया,
अगर तू अब भी डर में खोया ।
उठ जा तू, छु ले आसमान,
आजाद पे है सबका हक।

कोर्स: बी०एड०
सत्र: 2021-2023
क्रमांक: 24

# खाली गमला

- अनुराग राणा

एक कम्पनी के मालिक ने अपनी कम्पनी के लिए अगले मैनेजर को चुनने के लिए एक विचार मन में सोचा।

उन्होनें कम्पनी में काम कर रहे सभी कर्मचारियों को अपने कमरे में बुलाया। कुछ विशेष बीजों को देते हुए, उन्होनें कहा ''जाओ और इन बीजों को गमलों में लगाओ। दो महीने के बाद मैं तुम्हारे पौधों को देखूगा और उस के आधार पर कम्पनी के नये मैनेजर बनाउँगा।

सभी अपने-अपने घर चले गए और उस बीज को गमले में डाल दिये। सभी अपने-अपने गमले का देख-रेख करने लगे।

उसी में एक गगन नाम का कर्मचारी काम करता था। उसने देखा की उसके गमले से पौधा नहीं निकल रहा है जबकि वह नित्य पानी देता, देख-रेख करता। वह बहुत उदास हो गया। उसके सभी दोस्तों के पौधे निकल गये थे वे सब बहुत खूश थे। परन्तु गगन खूश नहीं था।

जब कम्पनी के मालिक को पौधा दिखाने का दिन आया तो गगन डर गया। वह भयभीत मन से पहुँचा। सभी कर्मचारियों के पास उनके गमलों में शानदार पौधे थे।

जबकि गगन का गमला खाली था। जब मालिक ने पुछा '' गगन तुम्हारे गमले में पौधा नहीं है?''

वह कुछ नहीं बोल सका-

मालिक ने सबको संबोधित करते हुए कहा '' इस कम्पनी के नये मैनेजर का चुनाव हो गया ''

सभी आश्चर्य से देखने लगे, आपस में बातें करने लगे। मालिक ने कहा ''इस कम्पनी को ईमानदार, साहस, निष्ठा और कद्रतव्य मैनेजर की आवश्यकता थी।

गगन को इस कम्पनी का मैनेजर चूना गया। क्योंकि मैने तो आप सब को उबले हूए बीज दिए थे जो उग ही नहीं सकते थे। गगन ने खाली गमला ला कर साहस, ईमानदारी, निष्ठा और कद्रतव्य का परिचय दिया है।'' ■



**कोर्स : बी०एड०**
**सत्र : 2022-24**
**क्रमांक : 15**



# प्यासी अखियाँ

- देवेन्द्र कुमार

काँपने लगी दीये की लौ भी मंदिर में
चरणों पर अर्पित पुष्प भी मुरझाने लगे,
तिमिर स्वप्नों की बेला आई
चंदा संग सितारे भी झिलमिलाने लगें।
धड़कनों मे सांसो की डोर है अटकी
अखियाँ इक झलक दर्शन को तरसी,
अब तो हृदय में आन बसो प्रभु
जीवन के तार टुटकर बिखर जाने लगे।

# बीतते पल

मासूमियत बचपन की, शोखियां भी बदलती रही
रहगुजर संग छोड़ जवानी भी निकलती रही,
रुखसार पर छपती रही इबारत सी उम्र
चूंद लम्हे बनकर सदियां भी सिमटनी रही।
अभी अभी तो अरमां हुए थे जवां
चाह भी मिटी नही हम आ गये कहां,
वक्त ने दगा दिया ख्वाहिशों को हरदम
घुटकर हाथों से जिंदगी भी फिसलती रही।

कोर्स : बी॰एड॰
क्रमांक : 80
सत्र : 2021-23

# अपने जीवन का महत्व

- धीरज कुमार

अपने जीवन का महत्व समझाती प्रेरक कहानी, चार दीपक आपस में बातें कर रहे थे। पहला दीपक बोला मैं हमेशा बडा बनना चाहता था सुदंर और आकर्षक घडा बनना चाहता था पर क्या करू छोटा सा दीपक बन गया? दूसरा दीपक बोला मै भी अच्छी बडी मूर्ति बन कर किसी अमीर आदमी के घर की शोभा बढाना चाहता था। पर क्या करू कुम्हार ने मुझे एक छोटा-सा दीपक बना दिया। तीसरा दीपक बोला मुझे बचपन से ही पैसो से प्यार है काश मै गुल्लक बनता तो हमेशा पैसो से भरा रहता। पर मेरी किस्मत में ही दीपक बनना लिखा होगा। चैथा दीपक खामोश रह कर तीनो दीपों की बातें सुन रहा था। अपनी अपनी प्रतिक्रिया देने के बाद तीनों दीपों ने चौथे दीपक से भी अपनी जिदंगी के बारे में कुछ कहने को कहा।

चौथे दीपक ने कहा- भाइयों कुम्हार जब मुझे बना रहा था तो मैं बहुत खुश हो रहा था। क्योंकि वह मुझे बनाते वक्त प्रसन्न था उसने जब मुझे बनाया तो मैं अपने जीवन के प्रति कृतज्ञ हो गया कि मै एक बिखरी हुई मिट्टी से एक सुन्दर दीपक बन गया जो अंधेरे को दूर करने का साहस रखता है। मैं वो साहसी दीपक हूँ, जिसके जलते ही अंधेरा छू मंतर हो जाता है। मैं आभारी हूँ उस कुम्हार का जिसने मुझे ऐसा रूप दिया कि मैं मुझे भगवान के सामने मंदिरों में प्रज्जवलित किया जाता है। मेरी रोशनी में पढकर ना जाने कितने होनहार बच्चे आज बडे-बडे ऑफिसर बन गए हैं और देश की सेवा कर रहे हैं। मेरा प्रकाश सिर्फ अंधेरे को ही दूर नहीं करता बल्कि एक नई उम्मीद और नई उर्जा का संचार करता है।

चौथे दीपक की बाते सुनकर अन्य तीनों दीपों को भी अपने जीवन का महत्व समझ आ गया। दोस्तों, अक्सर हम इंसान जो मिलता है या जो हम हैं उसमें संतुष्ट नही होते और उन तीन दीपको की तरह अपने कुम्हार यानी ईश्वर से शिकायत करते रहते हैं। लेकिन अगर हम ध्यान से देखे तो हमारा जीवन अपने आप में इस जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

इसलिए, चौथे दीपक की तरह हमे भी जो है उसमें संतुष्ट हो कर अपना सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। ■

**कोर्सः बी०एड०**
**क्रमांकः 35**
**सत्रः 2022-2024**



# बेरोजगारी की समस्या

- लक्ष्मी कुमारी

### प्रस्तावना:-

जिन लोगो के पास रोजगार नहीं होता उन्हें बेरोजगार कहते हैं। बेरोजगार स्वयं तथा देश की उन्नति के रास्ते में एक बडी समस्या है। काम करने की इच्छा करने वाले को काम न मिलना ही बेरोजगारी कहते है। आज भारत में बेरोजगारी की प्रमुख समस्या है बेरोजगारी के कारण बहुत से परिवार आर्थिक दशा से खोखले हो चुके हैं। आज हम स्वतंत्र हैं लेकिन अभी तक आर्थिक दृष्टि से सक्षम नहीं हैं।

### बेरोजगारी क्या है?

बेरोजगार उस व्यक्ति को कहा जाता है जो योग्यता रखने पर भी और कार्य की इच्छा रखते हुए भी रोजगार प्राप्त नहीं कर पाता है। शारीरिक तथा मानसिक रूप से सक्षम होते हुए भी जब योग्य व्यक्ति बेकार रहता है, तो उसे बेरोजगारी कहा जाता है।

### बेरोजगारी के कारण:

बेरोजगारी के अनेक कारण देखने को मिलती है, जैसे- जनसंख्या वृद्धि, अशिक्षित होने के कारण और रोजगार के अवसरों की कमी सहित कई कारक भारत में इस समस्या को बढाने में अपना योगदान देते हैं। देश की त्रुटिपूर्ण सामाजिक व्यवस्था भी बेरोजगारी की समस्या के कारणों में से एक है। लोग अभी भी परिवार नियोजन को एक बडा पाप मानते है, इसलिए जनसंख्या तीव्र गति से बढ रही है।




### बेरोजगारी एक अभिशाप:-

बेरोजगारी हमारे देश के लिए अभिशाप बन गई है, बेरोजगारी के कारण देश के कई लोग निर्धनता और भूखमरी का शिकार हो जाते हैं। युवाओं में बढता आक्रोश, चारी, डकैती, हिसां, अपराध और आत्महत्या जैसे अपराध करने पर बेरोजगारी ही एक इंसान को मजबूर कर देती है।

### बेरोजगारी का समाधान:-

